आइआइएम

नये सत्र के विद्यार्थियों का हुआ जोरदार स्वागत

भविष्य की संभावनाएं इंतजार कर रही हैं

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

life.ranchi@prabhatkhabar.in

मयूरी सभागार में शुक्रवार को आइआइएम रांची के पीजीपी और पीजीपी-एचआरएम संकाय के 10वें बैच के विद्यार्थियों का जोरदार स्वागत हुआ. मुख्य अतिथि सीइओ मॉन्सटर इंडिया अभिजीत मुखर्जी ने कहा कि आइआइएम में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को भविष्य की संभावनाएं इंतजार कर रही हैं. ऐसे में विद्यार्थियों को अपने सपनों का पीछा करना होगा.

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए हरसंभव प्रयास करें. विद्यार्थियों को अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए सुक्ष्म कौशल में निपुण होना होगा और हर संभव संभावनाओं पर नजर रखनी होगी. ऐसे में विद्यार्थी खुद को रचनात्मकता, सहयोग, संचार और सोच की दिशा में बदलाव करने की जरूरत है.

स्वागत समारोह में शामिल विद्यार्थी.

आइआइएम रांची के निदेशक डॉ शैलेंद्र सिंह ने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, नयी संभावनाओं को तलाशने और मूल्य आधारित शिक्षा देने का काम करेगा. इससे विद्यार्थियों में देश का प्रतिनिधित्व करने की क्षमता बढ़ेगी. उन्होंने बताया कि दो साल के इस कोर्स में पीजीपी-एचआरएम में 56 फीसदी छात्राएं और 44 फीसदी छात्र हैं.

वहीं पीजीडीएम में 40 फीसदी छात्राएं और 60 फीसदी छात्र हैं. स्वागत समारोह के मौके पर पूर्ववर्ती छात्रों ने भी अपने जूनियर्स को संबोधित किया. साथ ही विद्यार्थियों को कोर्स की जानकारी देते हुए आने वाले दिनों में संभावना और अवसर की जानकारी दी.

Prabhat Khabar, 29.06.2019, Pg. 23